स. ई–16015/पीएस–प्रतिनियुक्ति/सीआईएसएफ/2023/कार्मिक–II/199

महानिदेशालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

(गृह मंत्रालय)

ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली–03

दिनांक : 29 जनवरी, 2025

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सभी कार्यालय प्रमुख

विषय :– **केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निजी सचिव की 02 रिक्तियों को भरने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश हुआ है कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पे मैट्रिक्स (रू. 44900–142400/–) मे पे लेवल–7 में निजी सचिव, सामान्य केन्द्रीय सेवाएं, समूह–ख (सामान्य, राजपत्रित, अनुसचिवीय) रैक में 02 (दो) रिक्तियों को 03 वर्षों की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति कोटे के तहत प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है। चयनित उम्मीदवार को मुम्बई, रांची और गुवाहाटी में पदस्थ किया जा सकता है ।

2. पद के लिए पात्रता शर्तें अनुलग्नक–I में उल्लिखित की गई हैं।

3. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी के वेतन और अन्य शर्तें इस संबंध में समय–समय पर जारी भारत सरकार के आदेशों और सीआईएसएफ नियमों के अनुसरण में भी अधिशासित की जाएंगी।

5. यह अनुरोध किया जाता है कि उपयुक्त, पात्र और इच्छुक अधिकारियों के संबंध में, जिन्हें चयन होने की स्थिति मे तत्काल कार्यभार मुक्त किया जा सके, अनुलग्नक–II में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र (तीन प्रतियों में) **उप महानिरीक्षक/कार्मिक, महानिदेशालय, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, ब्लॉक संख्या 13, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–03** को भेजा जाए जिसे अद्यतन एपीएआर डोजियर्स और सतर्कता निकासी के साथ इस पत्र के जारी होने या रोज़गार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर जो भी बाद में हो, पहुंच जाए। कृपया इसे नोट किया जाए कि अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त अथवा अपेक्षित दस्तावेज़ों के बिना अथवा किसी भी प्रकार अपूर्ण पाए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संदर्भ में किए गए किसी भी पिछले संदर्भ पर विचार नहीं किया जाएगा। चूंकि नियुक्ति तत्काल की जानी है, यह अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त उल्लिखित आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि का पालन किया जाए।

Rahul Jain

( डॉ. राहुल जैन )
उप महानिरीक्षक (कार्मिक)

संलग्न :– यथोपरोक्त।

प्रतिलिपि :

1. निदेशक (कार्मिक–I), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. अपर महानिदेशक (उत्तर/एयरपोर्ट/दक्षिण), केऔसुब
3. सभी खण्ड महानिरिक्षक, केऔसुब

**मूल मे संलग्न नहीं**

1. सहायक महानिरीक्षक/तकनीकी, सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली – विज्ञापन सीआईएसएफ की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अनुलग्नक – I

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | निजी सचिव |
| 2. | पद का वर्गीकरण | : | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "ख" (राजपत्रित अनुसचिवीय) |
| 3. | पद का वेतनमान | : | पे मैट्रिक्स (रू. 44900–142400/–) मे पे लेवल–7 |
| 4. | प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने वाले पदों की संख्या | : | 02 (दो) |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | : | 03 (तीन) वर्ष |
| 6. | भर्ती नियमो के अनुसार, पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैः– | | |
| | | | **प्रतिनियुक्ति द्वारा** |
| | | | केन्द्र सरकार के अधीन आशुलिपिक का पद धारण करने वाले अधिकारीगण :– |
| | | | (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पदधारक; अथवा |
| | | | (ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में पे मैट्रिक्स लवल–6 (रू. 35400–112400/–) में अथवा समतुल्य म पदो पर पांच वर्षो की नियमित सेवा के साथ |
| | (टिप्पणी I : फीडर संवर्ग में विभागीय अधिकारी जिनकी प्रत्यक्षतः पदोन्नति होनी है, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने के लिए विचार करने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हतु विचार के लिए पात्र प्रतिनियुक्ति धारियों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br><br>टिप्पणी II : केन्द्र सरकार के उसी अथवा अन्य किसी संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति के तत्काल पहले धारण किए हुए किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यता तीन वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्रों की प्राप्ति की समाप्ति की अतिम तिथि को 56 वर्ष होगी) | | |

## जीवनवृत्त (बायो डाटा) प्रपत्र

<table>
<tr><th>क.सं.</th><th colspan="6">ब्यौरा</th><th colspan="2">विवरण</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="6">नाम और पता</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="6">जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="6">केन्द्र सरकार नियमावली के तहत सेवानिवृति की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="6">शैक्षिक अर्हताए</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="6">क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं संतोषप्रद है। यदि किसी अर्हता को नियमावली में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य माना गया है तो उसका प्राधिकार दर्शाएं।</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2"></td><td colspan="6" rowspan="2">अनिवार्य</td><td>अपेक्षित अर्हता अनुभव</td><td>अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव</td></tr>
<tr><td>1<br>2<br>3......</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2"></td><td colspan="6" rowspan="2">वांछनीय</td><td>अपेक्षित अर्हता अनुभव</td><td>अधिकारी द्वारा धारित अर्हता अनुभव</td></tr>
<tr><td>1<br>2<br>3......</td><td></td></tr>
<tr><td>6</td><td colspan="6">कृपया आपके द्वारा उपरोक्त दी गई प्रविष्टियों के आलोक में यह स्पष्ट रूप से दर्शाएं कि आप पद के लिए अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">7</td><td colspan="8">क्रमानुसार रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिए गए स्थान पर्याप्त नहीं हैं तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें।</td></tr>
<tr><td>कार्यालय / संस्थान / संगठन</td><td>धारित पद</td><td>से</td><td>तक</td><td colspan="2">वेतनमान एवं मूल वेतन</td><td colspan="2">कर्तव्य का स्वरूप (विवरण सहित)</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="2"></td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>8</td><td colspan="4">मौजूदा रोजगार का स्वरूप अर्थात् – तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी</td><td colspan="4"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">9</td><td colspan="4" rowspan="3">यदि मौजूदा रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर है तो कृपया दर्शाएं:–</td><td colspan="2">क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2">ख) प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर नियुक्ति की अवधि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2">ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं।</td><td colspan="2"></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 10 | वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त विवरण | कृपया दर्शाएं कि आप किसके अधीन कार्यरत है। (संबंद्ध कॉलम के तहत आपके वर्तमान नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>क) केन्द्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन, केंद्र शासित प्रदेश<br>घ) सरकारी उपकम<br>ड़) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य |
| 11 | क्या आप सशोधित वेतनमान में आते हैं? यदि हां, तो वह तिथि दर्शाएं जिससे संशोधन हुआ और पूर्व संशोधित स्केल को भी दर्शाए। | |
| 12 | इस समय आहरित की जाने वाली प्रति माह की कुल परिलब्धियां | पे लेवल –<br>मौजूदा मूल वेतन –<br>इस समय आहरित की जाने वाली प्रति माह की कुल परिलब्धियां: |
| 13 | पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन मे अतिरिक्त सूचना, यदि कोई है जो आप उल्लिखित करना चाहते है। ((i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएं (i) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (ii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में उपरोक्त निर्धारित के अलावा कार्य के अनुभव के संबंध में अतिरिक्त सूचना दी जा सकती है।)<br><br>(टिप्पणी – यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक अलग शीट संलग्न करें।) | |
| 14 | क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबधित हैं। | |
| 15 | टिप्पणियां<br>(i) अभ्यर्थी अनुसंधान प्रकाशनों और रिपोर्ट एवं विशेश परियोजनाओं के संबंध में सूचना दर्शा सकते हैं।<br>(ii) पुरस्कार/स्कॉलरशिप/शासकीय प्रशंसा<br>(iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसायटीज के साथ संबद्धता और<br>(iv) अन्य कोई सूचना<br>टिप्पणी : यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो एक अलग शीट संलग्न करें। | |

मैंने रिक्ति प्रपत्र/विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है और मैं भली भांति समझता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजो सहित जीवनवृत्त का आकलन चयन समिति द्वारा इस पद के चयन के समय भी किया जाएगा।

लगातार.... 3

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता..............................................
तिथि :.........................................
स्थान :........................................

उपरोक्त उल्लिखित विवरणों की जांच रिकार्ड से की गई है और उन्हें सही पाया गया है। यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरूद्ध न ही कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही, सतर्कता जांच लंबित है और न ही अपेक्षित है और उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है। उपरोक्त अधिकारी को चयन की स्थिति में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

प्रतिहस्ताक्षरित

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर
(कार्यालय की मुहर सहित)

## आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण–पत्रः–

क) यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं।

ख) यह प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है । वह सतर्कता दृष्टि से मुक्त है।

ग) उसका/उसकी सत्य निष्ठा प्रमाणित है।

घ) यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षो के दौरान अधिकारी के विरूद्ध कोई छोटी या बडी शास्ति पारित नहीं की गई है।

ड़) उसका/उसकी संपूर्ण एपीएआर डोजियार संलग्न है / भारत सरकार के अवर सचिव स्तर को अधिकारी द्वारा पिछले 05 वर्षो का की सत्यापित फोटो प्रतियों पर (प्रत्येक पृष्ठ पर) सलग्न किया गया है।

च) यह प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है

**(कार्यालय प्रमुख)**

नाम.............................

टेलीफोन नं.............

फैक्स नं....................

कार्यालय मुहर सहित .....

तिथि :............................................

स्थान :..........................................